रांची, बुधवार 17.08.2022 | प्रभात खबर | 03

ब्रीफ न्यूज

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा कॉलेज में झंडोत्तोलन

हजारीबाग. प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय गुड़वा, सीतागढ़ में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. प्राचार्य डॉ विंसेंट हंसदा ने झंडोत्तोलन किया. प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी, संत जेवियर्स प्लस उच्च विद्यालय एवं शिक्षक प्रशिक्षण अभ्यास मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम, भाषण, देशभक्ति नृत्य और पिरामिड निर्माण प्रस्तुत किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों और संत स्तानिसलास कॉलेज सीतागढ़ के नोविस ब्रदरों के बीच फुटबॉल मैच खेला गया. इसमें दोनों टीम 1-1 गोल की बराबरी पर रही.